# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर।

**व्यवस्थापक बोर्ड की पंचम बैठक का कार्यवृत्त**

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के व्यवस्थापक बोर्ड की पंचम बैठक दिनाँकः 18 सितम्बर, 2017 को अपराह्न 04:30 बजे मा0 मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में उनके सभाकक्ष, लाल बहादुर शास्त्री भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में अधोलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः-

1 **श्री राजीव कुमार,** ......... अध्यक्ष
मा0 मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ।

2 **डा0 प्रभात कुमार,** ... सदस्य-सचिव
मा0 कुलपति,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

3 **प्रो0 आर0 के0 चौहान,** .......... सदस्य
पूर्व सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
एवं
मा0 कुलपति, लिंगाया विश्वविद्यालय,
फरीदाबाद।

4 **प्रो0 राकेश चन्द्र कटियार,** ......... सदस्य
प्रोफेसर,
इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट,
सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय,
कानपुर।

5 **श्रीमती अलकनन्दा दयाल** ......... सदस्य
सचिव,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,
लाल बहादुर शास्त्री भवन,
लखनऊ।

**प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नाम-निर्दिष्ट सदस्य**

6 **प्रो0 दिलीप एन. मलखडे,** .......... सदस्य
सलाहकार - I, आई.आर.एफ.डी.
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्,
नई दिल्ली।

**जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सकेः**

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नाम-निर्दिष्ट सदस्य**

7 **प्रो0 ए0के0 शर्मा,** .......... सदस्य

:: कार्यवाही का विवरण ::

05.01 **व्यवस्थापक बोर्ड के नये मा0 सदस्यों का अभिवादन व जिन सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, उनकी सेवाओं एवं सहयोग हेतु धन्यवाद।**

व्यवस्थापक बोर्ड के नवनियुक्ति अध्यक्ष श्री राजीव कुमार एवं सदस्य प्रो0 आर0के0 चौहान का अभिनन्दन करते हुए बोर्ड की बैठक आरम्भ की गई एवं पूर्व सदस्य डा0 आरोक्य सामी एवं प्रो0 डी. वी. सिंह को उनकी सेवाओं एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

05.01(क) **आयुक्त, मेरठ मण्डल, के द्वारा कुलपति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का कार्यभार ग्रहण किये जाने के सम्बन्ध में बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराना।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि मा0 कुलाधिपति महोदय, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के आदेश संख्या–2006/77–4–17–53एन./13 दिनाँक 13 सितम्बर, 2017 के द्वारा आयुक्त मेरठ मण्डल, मेरठ को अग्रिम आदेशों तक कुलपति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके अनुपालन में डा0 प्रभात कुमार, आयुक्त, मेरठ मण्डल द्वारा दिनाँकः 14 सितम्बर, 2017 अपराह्न को कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

विश्वविद्यालय के निवर्तमान कुलपति डा0 जे0 पी0 शर्मा की सेवाओं के लिए व्यवस्थापक बोर्ड द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

05.02 **व्यवस्थापक बोर्ड की दिनाँक 01 अगस्त, 2015 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय के व्यवस्थापक बोर्ड की दिनाँक 01 अगस्त, 2015 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

05.03 **व्यवस्थापक बोर्ड की दिनाँकः 01 अगस्त, 2015 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय के व्यवस्थापक बोर्ड की दिनाँक 01 अगस्त, 2015 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही के विवरण का बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा संज्ञान लिया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

05.04 **विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की सत्रहवीं बैठक से इक्कीसवीं बैठक तक के कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की सम्पन्न हुई सत्रहवीं बैठक से इक्कीसवीं बैठक तक के कार्यवृत्त का बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया।

05.05 **विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या 2015-16 व्यवस्थापक बोर्ड के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या 2015-16 का बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अवलोकन कर, उसके विषय वस्तु की सराहना की गई। साथ ही प्रस्तुत वार्षिक प्रगति आख्या 2015-16 को अवलोकित किया गया।

05.06 **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की सोलहवीं से अठ्ारहवीं बैठक के कार्यवृत्त के अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ। वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 की सम्परीक्षित तुलन पत्र (Balance Sheet) अवलोकनार्थ। साथ ही विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति के सम्बन्ध में विमर्श।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की सोलहवीं से अठ्ारहवीं बैठक तक के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 की सम्परीक्षित तुलन पत्र (Balance Sheet) का अवलोकन कर संतोष प्रकट किया गया।

05.07 **मा0 कुलपति के चयन हेतु विश्वविद्यालय अधिनियम के बिन्दु संख्या 10.2(घ) के अंतर्गत व्यवस्थापक बोर्ड के द्वारा दो व्यक्तियों को नामनिर्दिष्ट किया जाना।**

गौतम बद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन हेतु विश्वविद्यालय अधिनियम के बिन्दु संख्या 10.2(घ) के अंतर्गत व्यवस्थापक बोर्ड के द्वारा विचारोपरान्त निम्नलिखित दो व्यक्तियों को नामनिर्दिष्ट किया गयाः-

1. श्री शारदा प्रसाद, (अनुसचित जाति)
   पूर्व महानिदेशक, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग,
   श्रम मंत्रालय, भारत सरकार।

2. प्रो0 जे. वी. वैशम्पायन
   कुलपति
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय
   कानपुर, उत्तर प्रदेश

05.08 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं अनुमोदन।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय अधिनियम के बिन्दु संख्या-17(3) के अनुसार व्यवस्थापक बोर्ड की बैठक छः माह में एक बार कराया जाना सुनिश्चित करें।
अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(डा0 प्रभात कुमार)
सदस्य-सचिव, व्यवस्थापक बोर्ड
एवं
कुलपति,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय,
ग्रेटर नोएडा।

(राजीव कुमार)
अध्यक्ष, व्यवस्थापक बोर्ड
एवं
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।